# NTPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)

**Advt. No.- 09/25**

NTPC Limited, India's largest integrated power utility, is driving the nation's progress with an installed capacity of **80155 MW** and a strong presence across the entire power generation value chain. As we set our sights on an ambitious **130 GW capacity by 2032**, we are looking for promising, energetic, young professionals with brilliant academic records to join the organization as **Assistant Chemist Trainee**. The qualifying requirements are as under:

## Assistant Chemist Trainee (ACT)- 30 Posts

### QUALIFICATION

Regular/Full-time M.Sc. in Chemistry from recognized Indian University/ Institute recognized by appropriate statutory authority with at least 60% marks in aggregate. SC, ST & PwBD candidates with passing marks are also eligible to apply for the post. Final year / semester students who expect their result by 31.07.2025 may also apply.

### UPPER AGE LIMIT

Max. 27 years as on the last date of online application. Age relaxation for SC/ST/OBC/PwBD/XSM candidates applicable as per Government guidelines.

### COMPENSATION PACKAGE

Selected candidates will be placed in the pay scale of Rs.30,000 - 1,20,000/- at the basic pay of Rs. 30,000/- (E0 Grade). The other benefits such as Dearness Allowance, other perquisites and allowances, terminal benefits, etc. will be admissible as per company rules in force from time to time during training / after absorption.

### PROJECTED VACANCIES

Category-wise projected vacancies in each post are given below:

| Name of the Post | UR | EWS | OBC | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Assistant Chemist Trainee | 15 | 01 | 06 | 06 | 02 | 30 |

**Current vacancies have been calculated as per the existing roster position*

Reservation for PwBD candidates will be as per govt. guidelines. Identified type of disabilities for the post of **Assistant Chemist Trainee:** a) HH b) OA, OL, BL, OAL, LC, Dw, AAV c) SLD, MI d) MD involving (a) to (c) above. The total number of projected vacancies indicated above may increase / decrease as per organizational requirement at the discretion of NTPC management.

### HEALTH

Before joining, candidates will have to undergo medical examination by the NTPC Medical Board/Officer, and their decision will be final and binding. No relaxation in prescribed health standards is allowed. Detailed medical norms are available on the website **careers.ntpc.co.in**. Hence, all applicants are advised to go through the medical norms before applying.

### SELECTION PROCESS

Eligible candidates will have to appear for All India based Online Selection Test. Based on category wise merit and number of vacancies, candidates will be shortlisted for document verification/further selection process. The test will consist of two parts - Subject Knowledge test and Executive Aptitude Test. The candidates must qualify separately in both the parts.

### PLACEMENT & SERVICE BOND

The selected candidates will undergo one-year training at various places. The final place of posting will be decided after completion of training & this posting shall be at any of the Stations/ Projects/ JVs/ Subsidiaries of NTPC. All posts are transferable at the sole discretion of the Management.

The selected candidates who belong to General, EWS and OBC categories will be required to execute a service bond of Rs. 1,00,000/- (Rs. 50,000/- for candidates belonging to SC, ST, PwBD categories) to serve the company for at least 3 years after successful completion of one-year training.

### GENERAL CONDITIONS

1. Only Indian Nationals are eligible to apply.
2. All qualifications should be from Universities / Institutions recognized and approved in India.
3. All computations of age, qualification etc. shall be done w.r.t. the last date of receipt of online application as mentioned in the advertisement. The date of declaration of final result / issuance of final semester marksheet shall be deemed to be the date of acquiring the qualification and there shall be no relaxation on this account. Final year/semester students who expect their results by 31.07.2025 may also apply. However, they must be able to produce final marksheet / provisional degree/course completion certificate with applicable marks % criteria on/before 31.07.2025.
4. Candidates must choose a test center/city for online selection test. However, NTPC reserves the right to cancel or add any center depending on the response of the candidates for that area / center.
5. Category (SC / ST / OBC / PwBD) once filled in the online application form will not be changed and no benefit of other category will be admissible later. Candidates claiming to belong to a particular category should necessarily have the applicable year's/valid EWS / OBC / SC / ST / Disability certificate, as the case may be, from the Competent Authority (in the latest prescribed format of Government of India). Where there is a vacancy identified for such category, upper age limit is relaxed by 5 years for SC / ST candidates, by 3 years for OBC candidates, by 10 years for PwBD candidates. Relaxation of age to Ex-Serviceman will be as per Govt. guidelines.
6. Depending on the requirement, the Company reserves the right to cancel / restrict / curtail / increase the number of vacancies, if need arises, without any further notice and without assigning any reason thereof.
7. While applying for the post, the applicant should ensure that he / she fulfills the eligibility and other norms mentioned above, as on the specified dates and that the particulars furnished are correct in all respects. In case it is detected at any stage of recruitment that a candidate does not fulfill the eligibility norms and / or that he / she has furnished any incorrect / false information or has suppressed any material fact(s), his/her candidature will stand automatically cancelled. If any of the above shortcomings are detected even after appointment his / her services are liable to be terminated without any notice. Canvassing in any form shall disqualify the candidate.
8. The mere fact that a candidate has submitted application against the advertisement and apparently fulfilling the criteria as prescribed in the advertisement would not bestow on him/her the right to be considered further for the selection process.
9. Any proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement and / or an application in response thereto can be instituted only in Delhi and courts / tribunals / forums at Delhi only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cause / dispute.
10. In case of any ambiguity / dispute arises on account of interpretation in versions other than English, the English Version will prevail.

### HOW TO APPLY

1. **Candidates need to apply online on our website careers.ntpc.co.in or visit careers section at www.ntpc.co.in with a valid email id.** The E-mail ID entered in the online application form must remain valid for at least next one year. No change in the E-mail ID will be allowed. All future correspondence would be sent via E-mail only.
2. Candidates will be required to upload all the required documents at the time of applying (as listed under at #6).
3. After successful application, the system will generate a **unique application number.** Candidates are required to **download the application slip** and save/keep the printout of the **application slip**, which will be generated by the system after successful application, for all future correspondence.
4. Candidates belonging to General/EWS/OBC category are required to pay a non-refundable application fee of Rs. 300/-. The **SC / ST / PwBD / XSM category and female candidates need not pay the application fee**. The payment can be made either in **online or offline mode**.

   **A. Payment in offline mode:** State Bank of India has been authorized to collect the application fee, in a specially opened account (No. **30987919993**) at CAG branch, New Delhi, on behalf of NTPC. Candidate must approach the nearby SBI branch with a printout of the "pay-in-slip" which is available on the application portal. The pay-in-slip printed from the portal should only be used for depositing the fee for proper crediting of amount in the allocated account. On receipt of the money, the bank will issue a unique Journal Number and a Branch Code of the bank collecting the money. This journal number and the branch code are to be filled up by the candidate during the online application. NTPC will not be responsible if the candidate deposits the fee in the wrong account.

   **B. Payment in online mode:** Candidate also have the option to pay the fees online (through Net banking / Debit Card / Credit Card). The online payment option will be available in the online application form.
5. Fees once paid will not be refunded under any circumstances. **Candidates are therefore requested to verify their eligibility before paying the application fee.**
6. **Uploading of Documents: The candidates should necessarily upload all documents while applying. Applications with incomplete/ insufficient documents are liable to be rejected/not considered for further process.** Sequential list of documents is given here:
   a) Class X Passing Certificate or Marksheet for Name/DOB proof (name must appear in conformity in all the documents)
   b) Copy of PAN Card
   c) M. Sc. (Chemistry) Degree-Final/Provisional certificate (last issued marksheet needs to be submitted by appearing candidates if the final result is yet to be declared; however, such candidates will only be considered for selection if they are able to submit the prescribed final/provisional degree dated 31.07.2025 or before).
   d) Final year or Consolidated Marksheet/Transcript clearly indicating aggregate % of marks in all semesters.
   e) Marks conversion formula from the University/Institute for conversion of marks in CGPA / CGPI / DGPA / CGI / CPI etc. into percentage (%). A conversion formula is not required if the marks are already awarded in percentage.
   f) Valid Caste/Category Certificate in the govt. prescribed format (for SC/ ST / OBC-NCL / PwBD / EWS candidates). a. OBC-NCL certificate should be in central format valid for the FY 2025-26.
   b. EWS Candidates need to submit a valid Income & Asset certificate for the FY 2025-26 based on the income of FY 2024-25 in the prescribed central format.

### IMPORTANT DATES

| | | |
|---|---|---|
| a. | **Commencement of online application** | **17.05.2025** |
| b. | **Last date for online application** | **31.05.2025** |

***Leading the Power Sector***

# एनटीपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

## विज्ञापन संख्या–09/25

80155 **मेगावाट की स्थापित क्षमता** और सकल विद्युत उत्पादन मूल्य–श्रृंखला में अपनी सशक्त मौजूदगी के साथ, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा उपयोगिता के रूप में एनटीपीसी लिमिटेड देश के विकास को गतिमान कर रहा है। अब जबकि **हमारा लक्ष्य 2032 तक 130 गीगावॉट के महत्वाकांक्षी क्षमता का विकास** करना है, हम **सहायक केमिस्ट प्रशिक्षु (एसीटी)** के रूप में संस्था में शामिल होने के लिए, उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड वाले होनहार, ऊर्जावान, युवा पेशेवरों को खोज रहे है।

वांछित अर्हताएं निम्नानुसार हैं:

### सहायक केमिस्ट प्रशिक्षु (एसीटी) – 30 पद

### योग्यता

समुचित वैधानिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता–प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) में कुल मिलाकर न्यूनतम 60% अंकों के साथ नियमित/पूर्णकालिक एम.एससी.। उत्तीर्णता अंकों के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार भी पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। 31.07.2025 तक परिणाम प्राप्त करने की आशा रखने वाले अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं।

### उच्चतर आयु सीमा

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक अधिकतम 27 वर्ष। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग /पीडब्ल्यूबीडी /एक्सएसएम उम्मीदवारों के लिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट लागू है।

### प्रतिपूर्ति पैकेज

चयनित उम्मीदवारों को 30,000/– रुपये के मूल वेतन (E0 ग्रेड) पर 30,000 – 1,20,000/– रुपये के वेतनमान में रखा जाएगा। महंगाई भत्ता, अन्य सुविधाएं और भत्ते, टर्मिनल लाभ इत्यादि जैसे अन्य लाभ प्रशिक्षण के दौरान/समायोजन के बाद समय–समय पर लागू कम्पनी नियमों के अनुसार स्वीकार्य होंगे।

### अनुमानित रिक्तियां

प्रत्येक पद के लिए श्रेणीवार अनुमानित रिक्तियां नीचे दी गई हैं:

| पद का नाम | यू.आर | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सहायक केमिस्ट प्रशिक्षु | 15 | 01 | 06 | 06 | 02 | 30 |

***वर्तमान रिक्तियों की गणना मौजूदा रोस्टर स्थिति के अनुसार की गई है**

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा। **सहायक केमिस्ट प्रशिक्षु** पद के लिए पहचानी गई दिव्यांगता के प्रकार: a) HH b) OA, OL, BL, OAL, LC, Dw , AAV c) SLD, MI d) MD जिसमें उपरोक्त (a) से (c) शामिल हैं। एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकाधीन, उपरोक्त अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या संस्था की आवश्यकतानुसार बढ़ाई/घटाई जा सकती है।

### स्वास्थ्य

नियुक्त होने से पहले, उम्मीदवारों को एनटीपीसी चिकित्सा बोर्ड/अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच से गुजरना होगा, और उनका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में किसी भी छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं। सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले वे चिकित्सा मानदंडों को अच्छी तरह से पढ़ लें।

### चयन प्रक्रिया

योग्य उम्मीदवारों को अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन चयन परीक्षा देनी होगी। श्रेणीवार योग्यता और रिक्तियों की संख्या के आधार पर, उम्मीदवारों को दस्तावेज़ों के सत्यापन/आगे की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। परीक्षा के दो भाग होंगे – सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट और एग्जीक्यूटिव एप्टीट्यूट टेस्ट। उम्मीदवारों को दोनों भागों में अलग–अलग उत्तीर्ण होना होगा।

### प्लेसमेंट और सेवा समझौता बॉंड

चयनित उम्मीदवार विभिन्न स्थानों पर एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। पोस्टिंग का अंतिम स्थान प्रशिक्षण पूरा होने के बाद तय किया जाएगा और यह पोस्टिंग एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उपक्रम/सहायक कम्पनी में हो सकता है। प्रबंधन के पूर्ण विवेकाधीन, सभी पद स्थानांतरणीय हैं।

उन चयनित उम्मीदवारों को जो सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों से सम्बंधित हैं, एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कम से कम 3 वर्षों तक कम्पनी में सेवा देने के लिए 1,00,000/– रुपये (अनु. जाति, अनु. जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए 50,000/– रुपये) का सेवा बॉंड भरना होगा।

### सामान्य शर्तें

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता–प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु, योग्यता आदि की सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएंगी। अंतिम परिणाम की घोषणा / अंतिम सेमेस्टर का अंकपत्र जारी करने की तिथि को योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और इस सम्बंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी। 31.07.2025 तक अपने परिणाम की आशा करने वाले अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। लेकिन वे 31.07.2025 को या उससे पहले लागू अंक प्रतिशत मानदंड के साथ अंतिम अंकपत्र / अस्थायी डिग्री / पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम होने चाहिए।
4. ऑनलाइन चयन परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को एक परीक्षा केंद्र/शहर चुनना होगा। लेकिन उस क्षेत्र/केंद्र के लिए उम्मीदवारों के प्रत्युत्तर के आधार पर किसी भी केंद्र को रद्द करने या नए केंद्र शामिल करने का अधिकार एनटीपीसी के पास सुरक्षित है।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी जा चुकी श्रेणी (अनु. जाति / अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ी जाति / पीडब्ल्यूबीडी) बदली नहीं जाएगी और बाद में किसी अन्य श्रेणी का लाभ नहीं मिलेगा। किसी विशेष श्रेणी से सम्बंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास लागू होने वाले वर्ष के लिए सक्षम प्राधिकारी (भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में) से प्राप्त वैध आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) / अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) / अनु. जाति / अनु. जनजाति / दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए। जहां कहीं भी ऐसी श्रेणी के लिए कोई रिक्ति निर्धारित है, वहां अनु. जाति / अनु. जनजाति उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट दी गई है। भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।
6. आवश्यकतानुसार, कम्पनी के पास जरूरी होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द / परिसीमित / कम करने / बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
7. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों पर पात्रता सम्बंधी और अन्य उपरोक्त मानदंडों को पूरा करता है और दिए गए विवरण हर दृष्टि से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः रद्द हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। अपने पक्ष में किसी भी तरह से प्रचार करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
8. केवल इस तथ्य के आधार पर कि किसी उम्मीदवार ने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन प्रस्तुत किया है, तथा वह विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को प्रत्यक्षतः पूरा करता/करती है, उसे यह अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता कि चयन प्रक्रिया में आगे उस पर विचार किया जाए।
9. इस विज्ञापन और/या इसके संदर्भ में दिए गए आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के सम्बंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में की जा सकेगी और ऐसे किसी भी मामले/विवाद पर सुनवाई का एकमात्र और विशिष्ट क्षेत्राधिकार केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरमों के पास ही होगा।
10. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण यदि कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

### आवेदन कैसे करें

1. **उम्मीदवारों को हमारी वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा या वैध ईमेल आईडी के साथ www.ntpc.co.in पर करियर खंड में जाना होगा।** ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज ईमेल आईडी कम से कम अगले एक वर्ष तक वैध रहनी चाहिए। ईमेल आईडी में किसी बदलाव की अनुमति नहीं है। भविष्य में सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से किए जाएंगे।
2. आवेदन करते समय उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज़ (जैसा कि #6 में सूचीबद्ध है) अपलोड करने होंगे।
3. आवेदन सफल होने के बाद, सिस्टम द्वारा एक **युनीक आवेदन संख्या** सृजित की जाएगी। उम्मीदवारों को **आवेदन–पर्ची डाउनलोड करनी होगी और** आवेदन सफल होने के बाद भविष्य के सभी पत्राचार के लिए सिस्टम द्वारा सृजित आवेदन–पर्ची का प्रिंट–आउट सेव करना/रखना होगा।
4. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को 300/– रुपये का गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क देना होगा। **अनु. जाति / अनु. जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी /एक्सएसएम श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नही है। भुगतान ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड** में किया जा सकता है।

   **A. <u>ऑफलाइन मोड में भुगतान:</u>** एनटीपीसी की ओर से भारतीय स्टेट बैंक को सीएजी शाखा, नई दिल्ली, में विशेष रूप से खोले गए खाते (सं. 30987919993) में आवेदन शुल्क जमा करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध "पे–इन–स्लिप" के प्रिंटआउट के साथ पास की एसबीआई शाखा से सम्पर्क करना चाहिए। पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल निर्धारित खाते में राशि के समुचित क्रेडिट हेतु शुल्क जमा करने के लिए ही किया जाना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर, बैंक एक युनीक जर्नल नम्बर और राशि एकत्र करने वाले बैंक का शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नम्बर और शाखा कोड उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन के दौरान भरना होगा। यदि उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो एनटीपीसी इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

   **B. <u>ऑनलाइन मोड में भुगतान:</u>** उम्मीदवार को ऑनलाइन शुल्क जमा करने का विकल्प भी प्राप्त है (नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड के माध्यम से)। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।
5. एक बार भुगतान किया जा चुका शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। **अतः उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले वे अपनी पात्रता की पुष्टि कर लें।**
6. **दस्तावेज़ अपलोड करना: उम्मीदवारों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज़ों को अनिवार्य रूप से अपलोड करना है। अधूरे/अपर्याप्त दस्तावेज़ों वाले आवेदन अस्वीकृत होने/आगे की प्रक्रिया के लिए विचार न किए जाने के लिए उत्तरदायी होंगे।** दस्तावेज़ों की अनुक्रमिक सूची निम्नानुसार है:
   - a) नाम/जन्म तिथि के प्रमाण के लिए दसवीं कक्षा का उत्तीर्णता प्रमाणपत्र या अंकपत्र (सभी दस्तावेज़ों में नाम एक जैसा दिखना चाहिए)
   - b) पैन कार्ड की प्रति
   - c) एम.एससी. (केमिस्ट्री) डिग्री – अंतिम/अस्थायी प्रमाण पत्र (यदि अंतिम परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है तो उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को अंतिम जारी किया गया अंकपत्र प्रस्तुत करना होगा; लेकिन चयन के लिए ऐसे उम्मीदवारों पर केवल तभी विचार किया जाएगा जब वे 31.07.2025 या उससे पहले निर्धारित अंतिम/अस्थायी डिग्री जमा करने में सक्षम होंगे)।
   - d) अंतिम वर्ष या समेकित अंकपत्र / ट्रांसक्रिप्ट जिसमें सभी सेमेस्टरों में कुल अंकों का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो।
   - e) CGPA/ CGPI /DGPA/ CGI /CPI आदि में अंकों को प्रतिशत (%) में बदलने के लिए विश्वविद्यालय / संस्थान से प्राप्त अंक रूपांतरण फॉर्मूला। यदि अंक पहले से ही प्रतिशत में दिए गए हैं तो रूपांतरण फॉर्मूला आवश्यक नहीं है।
   - f) सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में वैध जाति / श्रेणी प्रमाण पत्र (अनु. जाति / अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी–एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) उम्मीदवारों के लिए)। a. ओबीसी–एनसीएल प्रमाण पत्र वित्त वर्ष 2025–26 के लिए मान्य केंद्रीय प्रारूप में होना चाहिए।

     b. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को निर्धारित केंद्रीय प्रारूप में वित्त वर्ष 2024–25 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2025–26 के लिए वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### महत्वपूर्ण तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| **a.** | **ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथि** | **17.05.2025** |
| **b.** | **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | **31.05.2025** |

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*